बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना–800 010

दूरभाष नं0–0612-2261250/2262265, फैक्स–0612-2261050

ई–मेल–bspcb@yahoo.com, वेबसाईट–http://bspcb.bih.nic.in

पत्रांक–पी.सी./पी.आर.–105/प्रेस विज्ञप्ति/2019/**523** पटना, दिनांक:–27.05.2019

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर (डा.) रमेश चन्द्र सिन्हा का देहावसान रविवार दिनांक 26 मई, 2019 को हो गया।

डा. सिन्हा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष पद पर दिनांक 26 मार्च 1991 से दिनांक 17.01.2001 तक कार्यरत थे। वे करीब 10 वर्षों तक राज्य पर्षद् के अध्यक्ष पद पर रहे। इस दौरान उन्होंने बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सक्रिय योगदान दिया। उनमें त्वरित निर्णय लेने की अद्‌भुत क्षमता थी।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के 'परिवेश भवन' स्थित मुख्यालय में आज एक शोक सभा का आयोजन कर मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी गयी।

वीरेन्द्र कुमार
27.05.2019

(वीरेन्द्र कुमार)

जन–सम्पर्क पदाधिकारी